
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

20 दिसम्बर 2025

Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

जीवन को सफल बनाने में शिक्षा की

जरूरत है डिग्री की नहीं।

प्रेमचंद



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया


# अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस 20 दिसंबर




प्रत्येक वर्ष **20** दिसंबर को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस मनाया जाता है। एकता का संदेश देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने **20** दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस घोषित किया है। हर साल **20** दिसंबर को विविधता में एकता को चिन्हित करने और एकजुटता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र मिलेनियम घोषणा के अनुसार, एकजुटता उन बुनियादी मूल्यों में से है जो अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए बहुत जरुरी हैं। को साझा हितों और उद्देश्यों के बारे में जागरूकता के रूप में परिभाषित किया जाता है जो एक ऐसे समाज में एकता और संबंधों की मनोवैज्ञानिक भावना पैदा करते हैं जो लोगों को एक-दुसरे के साथ बांधते हैं।संयुक्तराष्ट्र महासभा ने **22** दिसंबर **2005** को प्रस्ताव **60/209** द्वारा मानव एकता को एकजुटता के मौलिक और सार्वभौमिक अधिकारों के रूप में मान्यता दी गई थी, जो इक्कीसवीं सदी में लोगों के बीच संबंधों को दर्शाता है, और इस संबंध में ही प्रत्येक वर्ष **20** दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया।

# Teachers of Bihar
The change makers

## जयंती विशेष 20 दिसम्बर



# रॉबिन शॉ पुष्प
प्रख्यात साहित्यकार

**रॉबिन शॉ पुष्प** *Robin Shaw Pushp*, जन्म: 20 दिसंबर, 1936; मृत्यु: 30 अक्टूबर, 2014) मशहूर कथा, उपन्यास, नाटक और पटकथा लेखक थे। आजीवन स्वतंत्र लेखक रहे रॉबिन शॉ पुष्प की पचास से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हैं। इनमें उपन्यास, कहानियां, कविताएं, लेख, नाटक और बाल साहित्य आदि शामिल है। अन्याय को क्षमा, दुल्हन बाज़ार जैसे उपन्यास, अग्निकुंड, घर कहां भाग गया कहानी संग्रह और फणीश्वर नाथ रेणु पर लिखी संस्मरण पुस्तक 'सोने की कलम वाला हिरामन' उनकी चर्चित कृतियां हैं।

unicef

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)


राकेश कुमार

## माह: December 2025

### प्रथम शनिवार

दिनांक **06.12.2025**

निमोनिया, सर्दी-खांसी एवं जुकाम, आँख एवं त्वचा का संक्रमण, कोविड-19 तथा इससे बचाव



### द्वितीय शनिवार

दिनांक **13.12.2025**

हाथ-धुलाई, खुले में शौच के खतरे, मल का सुरक्षित निपटान के सन्दर्भ में जानकारी



### तृतीय शनिवार

दिनांक **20.12.2025**

शीतलहर से खतरे एवं इससे बचाव के बारे में जानकारी



### चतुर्थ शनिवार

दिनांक **27.12.2025**

डूबने से बचाव एवं नाव दुर्घटना के सन्दर्भ में जानकारी



**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

TOB

खेल कॉर्नर

# ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| शेन वॉर्न | 145 | 708 |
| नाथन लायन | 141* | 564 |
| ग्लेन मैक्ग्रा | 124 | 563 |
| मिचेल स्टार्क | 103* | 420 |
| डेनिस लिली | 70 | 355 |

# सरकारी विद्यालयों के लिए अवकाश तालिका - 2026

| क्रम | अवकाश का नाम | तिथि | अवकाश की संख्या | रविवार की संख्या | सप्ताह के दिन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मकर संक्रति | 14 जनवरी | 1 | 0 | बुधवार |
| 2 | बसंत पंचमी | 23 जनवरी | 1 | 0 | शुक्रवार |
| 3 | गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी | 1 | 0 | सोमवार |
| 4 | संत रविदास जयंती | 01 फरवरी | 1 | 1 | रविवार |
| 5 | सब–ए–बारात | 04 फरवरी | 1 | 0 | बुधवार |
| 6 | महाशिवरात्री | 15 फरवरी | 1 | 1 | रविवार |
| 7 | होली | 03–04 मार्च | 2 | 0 | मंगलवार से बुधवार |
| 8 | रमजान का अन्तिम जुम्मा | 13 मार्च | 1 | 0 | शुक्रवार |
| 9 | ईद–उल–फितर (ईद) | 21 मार्च | 1 | 0 | शनिवार |
| 10 | बिहार दिवस | 22 मार्च | 1 | 1 | रविवार |
| 11 | रामनवमी | 27 मार्च | 1 | 0 | शुक्रवार |
| 12 | महावीर जयंती | 31 मार्च | 1 | 0 | मंगलवार |
| 13 | गुड फ्राईडे | 03 अप्रैल | 1 | 0 | शुक्रवार |
| 14 | भीम राव अम्बेडकर जयंती | 14 अप्रैल | 1 | 0 | मंगलवार |
| 15 | वीर कुवर सिंह जयन्ती | 23 अप्रैल | 1 | 0 | गुरुवार |
| 16 | जानकी नवमी | 25 अप्रैल | 1 | 0 | शनिवार |
| 17 | मई दिवस/बुद्ध पूर्णिमा | 01 मई | 1 | 0 | शुक्रवार |
| 18 | ईदुल जोहा (बकरीद) | 28 मई | 1 | 0 | गुरुवार |
| 19 | ग्रीष्मकालीन अवकाश | 01–20 जून | 20 | 2 | सोमवार–शनिवार |
| 20 | मुहर्रम | 26 जून | 1 | 0 | शुक्रवार |
| 21 | कबीर जयंती | 29 जून | 1 | 0 | सोमवार |
| 22 | चेहल्लूम | 04 अगस्त | 1 | 0 | मंगलवार |
| 23 | स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त | 1 | 0 | शनिवार |
| 24 | अंतिम श्रावणी सोमवार | 24 अगस्त | 1 | 0 | सोमवार |
| 25 | हजरत मो० साहब का जन्म दिवस | 26 अगस्त | 1 | 0 | बुधवार |
| 26 | रक्षाबंधन | 28 अगस्त | 1 | 0 | शुक्रवार |
| 27 | श्री कृष्ण जन्माष्टमी | 04 सितम्बर | 1 | 0 | शुक्रवार |
| 28 | हरि तालिका व्रत (तीज व्रत) | 14 सितम्बर | 1 | 0 | सोमवार |
| 29 | अनन्त चर्तुदशी | 25 सितम्बर | 1 | 0 | शुक्रवार |
| 30 | महात्मा गांधी जयन्ती | 02 अक्टूबर | 1 | 0 | शुक्रवार |
| 31 | जीवित पुत्रिका व्रत (जीउतीया) | 05 अक्टूबर | 1 | 0 | सोमवार |
| 32 | दुर्गा पूजा (कलश स्थापन) | 11 अक्टूबर | 1 | 1 | रविवार |
| 33 | दुर्गा पूजा | 17 अक्टूबर से 21 अक्टूबर | 5 | 1 | शनिवार से बुधवार |
| 34 | दीपावली/चित्रगुप्त पूजा/भैया दूज/छठ पूजा | 07 नवंबर से 17 नवंबर | 10 | 2 | शनिवार से मंगलवार |
| 35 | गुरु नानक जयंती/कार्तिक पूर्णिमा | 24 नवंबर | 1 | 0 | मंगलवार |
| 36 | शीतकालीन अवकाश (क्रिसमस डे एवं गुरुगोविन्द सिंह जयन्ती) | 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर | 7 | 1 | शुक्रवार से गुरूवार |
| | | | 75 | 10 | |

राकेश कुमार

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **20.12.2025**

## बोधगम्य

बोधगम्य **(Bodhagamy)** का अर्थ है समझने योग्य, बोध कराने लायक, या जो आसानी से समझ में आ जाए; यह वह चीज़ है जिसे जाना जा सकता है या जिससे ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है, अंग्रेजी में इसे **'understandable', 'intelligible',** या **'comprehensible'** कहते हैं. यह किसी वाक्य, विषय, या जानकारी की वह गुणवत्ता है जो उसे सुलभ और स्पष्ट बनाती है, ताकि कोई भी व्यक्ति उसे आसानी से आत्मसात कर सके।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



जम्मू कश्मीर के 262 युवाओं ने JAKLI रेजिमेंट में भारतीय सेना के जवान के रूप में देश सेवा की शपथ ली है। सेना ने इन जवान के परिवारों को गौरव पदक से सम्मानित किया है।

# पद्य पंकज

"

दु:ख,शोक, जब जो आ पड़े
सो धैर्य पूर्वक सब सहो।
होगी सफलता क्यों नहीं
कर्तव्य पथ पर दृढ़ रहो
अधिकार खो कर बैठे रहना
यह महा दुष्कर्म है
न्यायार्थ अपने बंधु को भी
दण्ड देना धर्म है।

**मैथिली शरण गुप्त**


Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org



ToB बूझो तो जानें..
548
जा जोड़े तो जापान, अमीरों के लिए है यह शान, बनारसी इसकी पहचान, दावतों में बढ़ती इसकी शान.. बुझो तो जानें ?
पान
www.teachersofbihar.org
संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
20 दिसंबर
अंतर्राष्ट्रीय
मानव एकता दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya



कथाकार, उपन्यासकार, नाटककार और पटकथा लेखक


# रॉबिन शॉ पुष्प

की जयंती पर नमन।

जन्म -20 दिसंबर 1936
मृत्यु -30 अक्टूबर 2014

www . teachersofbihar.org

Madhu priya



# कार्ल सेगन

**9 नवम्बर 1934 - 20 दिसम्बर 1996**

Madhu priya

/teachersofbihar